



नवभारत
ग्वालियर, रविवार, 05 अक्टूबर, 2025



# रास्ता रोकने वालों पर प्रकरण दर्ज हों : रघु




## भिंड में अतिक्रमण के खिलाफ लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी का बिगुल

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 4 अक्टूबर ।** भिंड जिले में सरकारी ज़मीनों पर कब्ज़ा कर आम लोगों के आवागमन को बाधित करने की घटनाएं अब चिंताजनक रूप ले चुकी हैं। समाज के गरीब और पिछड़े वर्ग के लोग मजबूरी में चुप्पी साधे रहते हैं जबकि ताक़तवर लोग खुलेआम अतिक्रमण कर रहे हैं। इस गंभीर समस्या के खिलाफ शनिवार को लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने भिंड के धनवंतरी कॉम्प्लेक्स मैं धरना आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक, वरिष्ठ समाजवादी चिंतक व विचारक रघु ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि यह समय सिर्फ़ बोलने का नहीं, अन्याय के खिलाफ खड़े होने का है। उन्होने प्रशासन से कहा कि सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण रोकिए और आम आदमी के रास्ते खुलवाइए। जिन ताक़तवरों ने रास्ते रोके हैं, उनके खिलाफ प्रशासन तुरंत कार्रवाई करे। 20 गांवों के लोग पहुंचे - रास्ते बंद होने की पीड़ा साझा की- ग्राम कुरथरा और उसके आसपास के लगभग 20 गांवों के लोग धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण होने से रोज़मर्रा का आना-जाना बाधित है। इसी तरह बरुआ नगर के लो ग व महिलाएं भी बड़ी संख्या में पहुंचे और उन्होंने अपनी पीड़ा रखी। रघु ठाकुर ने कहा कि हम जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि इन घटनाओं पर तत्काल संज्ञान लें, आवागमन के मार्ग सुरक्षित कराएं और सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाएं। रघु ठाकुर ने प्रशासन से मांग की कि बाढ़ से प्रभावित किसानों को फौरी तौर पर प्रति एकड़ 10-10 हजार रुपये की राहत दी जाए। बाद में सही आकलन कर पूरी राहत राशि दी जाए। जब तक किसान को मुआवजा नहीं मिलता, वह खड़ा कैसे होगा? बेसली बांध बना किसानों पर बोझ - मुआवज़ा अब भी लंबित- रघु ठाकुर ने गोहद के बेसली बांध को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि किसानों और नागरिकों को पानी देने के लिए जो बांध बना था, वहां नहर निर्माण अधूरा है। खेतों को पानी नहीं मिल पा रहा। उल्टे, बांध के भरने से किसानों की ज़मीनें डूब रही हैं। जिनकी ज़मीन ली गई थी, उन्हें हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद मुआवजा नहीं मिला। गोहद के समाज सेवी स्व दशरथ सिंह एवं उनके सुपुत्र श्री शैलेंद्र सिंह भी इस समस्या को लगातार पिछले दिनों से इस बात को उठाते रहे हैं। ग्वालियर-इटावा फोरलेन और भिंड रेल लाइन की सख्त जरूरत है । धरने को लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंभु दयाल बघेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर यादव निशार कुरेशी, ऊषा नरवरिया राकेश कौरव सहित बरुआ नगर, कुरथरा, सिमराव के पीडितों ने भी अपनी अपनी बात रखी। धरने की अध्यक्षता ऊषा नरवरिया ने की। धरने में शिवम यादव, सत्येंद्र यादव सेठी, शुगर सिंह बघेल, सूबेदार राठौर, कमुरुद्दीन खान, साबुद्दीन खान, रवि वर्मा, उपेन्द्र मिश्रा, रजिया खान, श्रीगोपाल कुशवाह, पान सिंह कुशवाह, रामबीर माहोर राजवीर यादव आदि बडी संख्या मै ग्रामीण व नगरवासी उपस्थित रहे।सभा के पश्चात तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर भिंड और मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

# युवा तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनें : कुशवाह




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 4 अक्टूबर।** शहर के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में शनिवार को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भिंड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह उपस्थित रहे। उनके साथ संस्थान के प्राचार्य योगेश शर्मा, शैलेंद्र रितोलिया पार्षद, मुनेंद्र सिंह राजावत हवलदार मप्र 30 बटालियन भिंड एवं समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। तत्पश्चात आईटीआई के प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

अपने संबोधन में विधायक कुशवाह ने कहा कि आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थान आज के युग में युवाओं के लिए रोजगार और स्वावलंबन का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति तभी संभव है जब हमारे युवा तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो भी प्रशिक्षण आप यहाँ से लेकर जा रहे हैं, उसे केवल नौकरी तक सीमित न रखें, बल्कि अपने हुनर से समाज में रोजगार सृजन करने का प्रयास करें। विधायक कुशवाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'स्किल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आईटीआई जैसे संस्थान इन अभियानों की रीढ़ हैं। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने कौशल को निरंतर निखारते रहें और देश निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान आईटीआई के प्राचार्य योगेश शर्मा ने विधायक कुशवाह का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान में विद्यार्थियों को उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई छात्र प्रशिक्षण के बाद प्रतिष्ठित निजी और सरकारी संस्थानों में कार्यरत हैं। समारोह में उपस्थित स्टाफ और छात्रों ने विधायक कुशवाह के विचारों से प्रेरणा ली। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईटीआई के संपूर्ण स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पीएमश्री कॉलेज में विद्यार्थियों को किया प्रशिक्षित

**सीहोर.** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, पीएमश्री कॉलेज एवं एसवीसीजीसी उन्नति फाउंडेशन, बेंगलुरु के संयुक्त तत्वाधान में 30 दिवसीय इंग्लिश स्पोकन, सॉफ्ट स्किल एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रथम दो बैच का समापन शुक्रवार को किया गया. प्रभारी प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन ने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर सीखने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आवश्यक बताया. उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की. कार्यक्रम के समापन सत्र में प्रभारी डॉ. हुमा अख्तर ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं भाषा दक्षता के लिए इस तरह के प्रशिक्षण शिविर अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं.

# मां कात्यायनी की मूर्ति स्थापित, भंडारे का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर,04अक्टूबर।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित मार्बल विनाइल इंडस्ट्रीज की न्यू यूनिट में शनिवार को मां कात्यायनी की अष्टधातु मूर्ति स्थापित एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गयाद्य नव-प्रतिस्थापित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। यह शुभ अनुष्ठान विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन में विधि- विधान से संपन्न हुआ कंपनी में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा के लिए पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं द्य मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पंडित अरुण मिश्रा महंत मां कात्यायनी मंदिर छतरपुर दिल्ली ,पंडित ऋषि, पंडित संजय ने विधि विधान हवन आहुति और मंत्र उच्चारण साथ संपन्न कराया मूर्ति। स्थापित कार्यक्रम में कंपनी के मालिक पंकज चावला अपने परिवार समेत सम्मिलित रहे।कार्यक्रम में मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह के सुपुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रामू भैया भी अपने समर्थन के साथ सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अमित शर्मा प्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र मालनपुर, अरुण कुमार खरे सहायक प्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र मालनपुर, श्रम अधिकारी, आलोक मिश्रा सीईओ मार्बल विनाइल, नरेंद्र अस्ति यूनिट हेड, अमित शर्मा वाईस प्रेसिडेंट एच आर,सरफराज सुरक्षा अधिकारी एवं कंपनी के अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे द्य मूर्ति स्थापित कार्यक्रम के बाद कंपनी में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें कंपनी की सभी यूनिटों के अधिकारी, कर्मचारी ,श्रमिक एवं क्षेत्र के गणमान्य व पत्रकार बंधुओ ने प्रसादी ग्रहण की।

# गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर में हुआ भावपूर्ण आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 4 अक्टूबर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर में, आदरणीया अवधेश बहन (जोनल डायरेक्टर) की स्मृति में, पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्वालियर क्षेत्र की समस्त बहनें एवं ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित उपस्थित रहे । सभी ने बहन जी के साथ बिताए गए प्रेरणादायक पलों को स्मरण करते हुए, उनके आध्यात्मिक योगदान का भावपूर्ण व्याख्यान किया। कार्यक्रम को वरदानी दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें उपस्थित जनों ने, मौन रखकर तथा पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा प्रकट की. शहर के गणमान्य नागरिक अधिकारीगण, एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, पत्रकारों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में, विशेष रूप से दिल्ली से पीयूष भाई पंजाब से शैली दीदी, रिया बहन दतिया से दीपा दीदी, अम्बाह से सीमा बहन, टेकनपुर से नीलम बहन, भावना बहन, सरिता, गुंजन, मालनपुर से पूजा, सृष्टि, सरोजनी, सतनाम भाई, महेश, प्रसाद, मुरैना से मोहन भाई, सुमन, झाँसी से नीलेश, रामकुमार ग्वालियर से अर्चना बहन, कंचन, अनूप, सीएमओ नगर पालिका परिषद मालनपुर, एलआईसी अभिकर्ता, मोहन संतवाणी अन्य प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात सभी ने, सामूहिक ब्रह्मा भोजन ग्रहण किया। वातावरण में आध्यात्मिक शांति और बहन जी की मधुर स्मृतियाँ सभी के हृदयों में गूंजती रही।

## स्वदेशी जागरुकता कैलेंडर का महाजन ने किया विमोचन

**सीहोर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी जागरुकता अभियान शुरू कर दिया है. अभियान के अंतर्गत शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में गौरव सन्नी महाजन ने देश को आत्मनिर्भर बनाने और नागरिकों को स्वदेशी उत्पाद खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने वाले कैलेंडर का विमोचन किया. श्री महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम अमेरिका को व्यापारिक रूप से टक्कर दे रहे हैं. अब चीन भी हमारे देश के सामने झुक हो गया है. प्रधानमंत्री ने देश की उन्नति तरक्की के लिए विदेश और सुरक्षा नीति में भी परिवर्तन किया है.

# भिंड में होगी राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता

## 8 से 11 तक होगा आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 4 अक्टूबर।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीना की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी बालक-बालिका आयु वर्ग 19 वर्ष प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुनील दुबे, डिप्टी कलेक्टर महेन्द्र सौजन्य, जिला शिक्षा अधिकारी आर.डी. मित्तल, सीएमएचओ डॉ. जे.एस. यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर मीना ने निर्देश दिए कि प्रतियोगिता स्थल और मैदान की साफ-सफाई की जिम्मेदारी नगर पालिका भिंड को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि खेलों में आने वाले बच्चों के स्वास्थ्य की दृष्टि से प्रतियोगिता स्थल पर स्वास्थ्य दल की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में सीएमएचओ को निर्देश दिए गए कि प्रतियोगिता के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं पूर्णतः उपलब्ध रहें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जिन विद्यालयों में खिलाड़ी ठहरेंगे, वहां की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएँ पूर्व में ही पूरी कर ली जाएँ। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का संचालन पूरी शुचिता और पारदर्शिता से किया जाना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान कलेक्टर मीना ने कार्यक्रम स्थल की रंगाई-पुताई, साफ-सफाई एवं मंच और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कबड्डी प्रतियोगिता केवल खेलकूद का आयोजन नहीं है, बल्कि यह जिले की प्रतिष्ठा से जुड़ा आयोजन है। इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी आर.डी. मित्तल ने अवगत कराया कि राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी बालक/बालिका आयु वर्ग 19 वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन 8 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-01 भिंड एवं संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 भिंड के मैदानों पर होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश भर से विभिन्न जिलों की टीमें भाग लेंगी और जिले स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

# कई प्रतिष्ठानों से मिठाई और डेयरी उत्पादों के सैंपल लिए



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 4 अक्टूबर।** खाद्य सुरक्षा विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शहर में बड़ी छापामार कार्यवाही की। त्योहारों के मद्देनज़र मिलावटी खाद्य पदार्थों पर नकेल कसने के लिए यह अभियान चलाया गया।

संयुक्त टीम ने शहर के प्रमुख मिठाई प्रतिष्ठानों एवं डेयरियों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। अधिकारियों ने बाबा स्वीट्स बस स्टैंड के सामने लश्कर रोड भिंड से सोनपपड़ी, मावा बर्फी, आदि शक्ति स्वीट्स से मावा बर्फी, स्वीट्स कॉर्नर बंगला बाजार से पनीर व बेसन लड्डू, मामा-भान्जा मिष्ठान भंडार परेड चौराहा से मिल्क केक, पंडित जी स्वीट्स सुभाष तिराहा से मिल्क केक, रीना मिष्ठान भंडार सुभाष तिराहा से बेसन लड्डू, श्री राधिका डेयरी बस स्टैंड से घी व पनीर, अपना स्वीट्स सुभाष तिराहा से डोंडा बर्फी तथा रानी डेयरी रोडवेज बस स्टैंड से मावा पेड़ा के नमूने लिए। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने ग्राम बिरखड़ी तहसील गोहद स्थित प्रशांत शर्मा की डेयरी पर छापामार कार्रवाई करते हुए 111 किलोग्राम मावा, 10 किलोग्राम रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, 7 किलोग्राम वनस्पति घी ज़ब्त किया। ज़ब्त किए गए खाद्य पदार्थों की अनुमानित कीमत 24,920 रुपये आंकी गई। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्यवाही से मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने बताया कि लिए गए सभी नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों और संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कु. रेखा सोनी, रीना बंसल और किरन सेंगर सहित विभागीय अधिकारी एवं राजस्व दल के सदस्य शामिल रहे। प्रशासन का कहना है कि आगामी त्योहारों के सीज़न में ऐसी कार्यवाहियां निरंतर जारी रहेंगी ताकि लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

# पिता का आदेश सहर्ष स्वीकार कर राम ने किया वनगमन

**नवभारत न्यूज**
**शाहगंज 4 अक्टूबर.** नगर के दशहरा मैदान पर चल रही रामलीला के अंतर्गत शनिवार को दशरथ प्रतिज्ञा, मंथरा, कैकई संवाद एवं श्री राम वनगमन की लीला की मार्मिक प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गई. प्रसंग की शुरुआत में बताया कि अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ ने महसूस किया कि ज्येष्ठ पुत्र राम का राजतिलक कर दिया जाए. राजा दशरथ ने अपने गुरु वशिष्ट से मार्गदर्शन लेकर राजदरबारियों की सलाह लेकर राजतिलक की घोषणा कर दी. पूरी अवधपुरि में खुशी का माहौल बन गया और राजतिलक की तैयारियां शुरू कर दी गई. उसी समय दासी मंथरा से राजतिलक की तैयारियां देखी नहीं गई और उसने महाराज से पहला वरदान भरत को राजगद्दी एवं दूसरा श्री राम को 14 वर्ष का वनवास मांगा. पिता द्वारा दिए हुए वचनों को स्वीकार करते हुए प्रभु श्रीराम वनवास जाने को सहर्ष तैयार हो जाते हैं. श्रीराम जी सीता जी के हठ को नहीं टाल सके ओर वह भी साथ जाने को तैयार हो जाती है. अनुज लक्ष्मण माता सुमित्रा और पत्नी उर्मिला से विदा लेकर भगवान राम के साथ वन में प्रस्थान करते हैं.

# मानसून की विदाई बेला में बरस रहे बादलों ने किया तरबतर

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 4 अक्टूबर.** विदाई बेला में आसमान पर छाए बादलों का बरसना लगातार जारी है. शनिवार को भी जिला मुख्यालय और इछावर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में काफी देर तक जोरदार बारिश हुई. इछावर के मध्य बहने वाले नाले का पानी बाजार की सड़कों पर बह निकला, वहीं शनिवार को शहर में आधा दर्जन स्थानों पर आयोजित भंडारे आयोजन की तैयारियों में लगी समिति सदस्यों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. इस बार के मानसून ने बरसने में जमकर कंजूसी की है. जिले की बुधनी और भैरूंदा तहसील को छोड़ दिया जाए तो सभी तहसीलों में औसत से कम बारिश हुई है. अमूमन सितंबर माह के दूसरे पखवाड़े में मानसून की विदाई तय हो जाती है, लेकिन इस बार अक्टूबर माह में भी बादलों की सक्रियता बनी हुई है. शुक्रवार की दोपहर जिला मुख्यालय पर आधा घंटे तक जोरदार बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया था. शनिवार को भी दोपहर बाद आसमान पर घिर आई काली घटाओं ने जोरदार ढंग से बरसते हुए शहर को तरबतर कर दिया.

नजदीकी इछावर तहसील में भी बादल जमकर बरसे और नाले का पानी नगर की सड़कों पर बहने लगा. ग्राम फांगिया, ब्रिजिशनगर, कनेरिया गुराड़ी आदि ग्रामों में भारी बारिश से सोयाबीन की कटी फसल खराब हो गई है.

# एम .जे .एस . स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 4 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय एम.जे.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिंड में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित अल्प अवधि रोजगार प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास, स्किल डिवेलपमेंट एवं बेसिक कंप्यूटर की 30 दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। यह कार्यशाला जिला उद्यमिता केंद्र सेडमैप के माध्यम से प्रशिक्षक अश्वनी शर्मा और प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. मोहित कुमार दुबे के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

समापन अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.ए. शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगारोन्मुखी अल्पकालीन प्रशिक्षण युवाओं को विशेष कौशल प्रदान कर उन्हें तत्काल रोजगार के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि बदलते हुए नौकरी बाजार की परिस्थितियों में ऐसे कार्यक्रम न केवल युवाओं को नई तकनीकों से परिचित कराते हैं, बल्कि उनकी आय क्षमता को भी बढ़ाते हैं। प्राचार्य ने यह भी उल्लेख किया कि कम समय में सीखी गई नई तकनीकें विद्यार्थियों को अधिक अवसरों के द्वार खोल सकती हैं। प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. मोहित दुबे ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की डिजिटल दुनिया में बुनियादी कंप्यूटर कौशल हर व्यक्ति के लिए आवश्यक हो चुका है। समापन सत्र में 30 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण के अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस कार्यशाला ने उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया, जो आगे चलकर उनके करियर में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पोषण दिवस पर 557 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया. जिले में शुक्रवार को शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 400 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 157 बच्चों का टीकाकरण किया गया. 70 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया. स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है.

## मीटर की अनिवार्यता तिथि बढ़ाने पर खुशी

**सीहोर.** प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाए जाने की समय सीमा को 31 मार्च 28 तक बढ़ा दिया है. आयोग के निर्णय का कांग्रेस ने स्वागत किया है. कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने कहा है कि स्मार्ट मीटरों से ज्यादा रीडिंग बनने और बढ़े हुए बिल आने के मामले सामने आ रहे थे और जनता में इसे लेकर आक्रोश था.


## आम सूचना

श्री कलियान सिंह पुत्र श्री जसमंत सिंह एवं श्रीमती शीला पत्नी श्री कलियान सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित ग्राम अमायन, ग्राम पंचायत अमायन, तहसील मेहगाँव व जिला भिण्ड (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.3243 ग्राम अमायन का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भवन श्री तिलक सिंह, पश्चिम में-भवन व्यास, उत्तर में-सम्पत्ति कोमल शर्मा एवं दक्षिण में-मैन रोड है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री महादेव प्रसाद पुत्र श्री रामेशवरदयाल के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री महादेव प्रसाद द्वारा सम्पत्ति रकवा 0.031 हैक्टेयर एरिया श्री कलियान सिंह पुत्र श्री जसमंत सिंह राजपूत एवं श्री शिवप्रकाश पुत्र श्री सुखवासीलाल को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.1546 दिनांक 24.08.1989 से विक्रय की गई। श्री कलियान सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती शीला पत्नी श्री कलियान सिंह के हित में ई-रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख क्र. एमपी 28आईजीआर 16922025ए100523359 दिनांक 25.06.2025 को सम्पादित किया गया। श्री कलियान सिंह एवं श्रीमती शीला द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मैसर्स चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. (सी.आई.एफ.सी.एल.) ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार,**
**फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर**
**(म.प्र.), मो.नं.98276-72710**


**शिविर** — रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब ने किया कैंसर जांच शिविर का आयोजन

# समाज और जरुरतमंद की सेवा ही सच्ची उपासना : विधायक

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 4 अक्टूबर.** शनिवार को रोटरी एवं इनर व्हील क्लब द्वारा आयोजित निःशुल्क स्तन कैंसर मेमोग्राफी जांच एवं सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर में विधायक सुदेश राय एवं समाजसेवी श्रीमती अरुणा राय विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए. शिविर का आयोजन इंदौर के अरविन्दो अस्पताल के सहयोग से किया जा रहा है.

पहले दिन शिविर में करीब 282 से अधिक मरीजों का पंजीयन के पश्चात जांच आदि की. जांच के दौरान कैंसर के आधा दर्जन संदिग्ध मरीजों को परामर्श दिया गया. यह जिले के इतिहास में पहला विशाल निशुल्क जांच शिविर है, जिसमें रिकार्ड मरीजों की जांच और परामर्श दिया गया है.

रोटरी क्लब अध्यक्ष मधुर विजयर्गीय और इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय ने विधायक श्री राय सहित अन्य अतिथियों का सम्मान किया. उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए ऐसे आयोजन समाज में जागरुकता और स्वस्थ जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं.

इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि रविवार को दोपहर दो बजे लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अभिजीत देशमुख करेंगे.

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीजी सुशील मल्हौत्रा, डॉ. सुनीता सिसोदिया, डॉ. पुष्पा कन्नोजिया, डॉ. मालती आर्य, डॉ. राजश्री मोदी, रोटरी क्लब के सचिव कपिल अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. कैलाश अग्रवाल, डॉ. एसआर गट्टानी, प्रोजेक्ट कार्डिनेटर रघुनंदन निगोदिया, प्रोजेक्ट डाइरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. गौरव ताम्रकार, अजय जैन, अर्पित पालीवाल, मयंक चड्ढा, पंकज जैन आदि उपस्थित थे.